दिनांक 06.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 4 जनवरी 2018 से सर्वेक्षण 2018 की शुरुआत हो रही है जिसमें निगम भिलाई की स्वच्छता रैंकिंग को बढ़ाना है जिसके लिए 15 हजार स्वच्छता ऐप डाउनलोड किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है लेकिन निर्धारित लक्ष्य के अनुरुप स्वच्छता ऐप डाउनलोड नहीं हो पायी है जिसके कारण स्वच्छता ऐप की रैंकिंग में कमी आई है निगम आयुक्त श्री चौहान ने स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी एवं समस्त जोन कार्यालय के जोनायुक्तों को सक्त निर्देश दियें है कि उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित लक्ष्य के अनुरुप 5 दिवस के भीतर करें एवं की गई कार्यवाही से प्रतिदिन मुझे अवगत करावें।

निगम आयुक्त के द्वारा दिये गये आदेशानुसार निगम के स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा सभी जोन कार्यालय के सहायक अभियंता, उपअभियंता, एवं एसबीएम से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी स्वच्छता निरीक्षक, पीएमयु/पीआईयु कॉर्डीनेटर स्वच्छ भारत मिशन नगर निगम भिलाई को आदेश जारी करते हुए निर्देशित किया है कि अपने अधीनस्त अधिकारी, कर्मचारियों से कम से कम 30–30 स्वच्छता ऐप डाउनलोड करावें एवं जानकारी तैयार कर इसकी सूची स्वास्थ्य विभाग मुख्य कार्यालय को प्रेषित करें।

जनसम्पर्क अधिकारी